दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा–बिहार विधानसभा चुनाव की जल्द होगी घोषणा। बाईस नवम्बर से पहले संपन्न हो जायेगी चुनाव प्रक्रिया।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया की सराहना की। कहा–बिहार की तर्ज पर ही पूरे देश में होगा एसआईआर।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया। कल पटना मेट्रो रेल का करेंगे शुभारंभ ।

05. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित। सुपौल के सरायगढ़ में पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक लगभग चार सौ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को समय पर और सटीकता से पूरा करने के लिए बिहार के नब्बे हजार से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारियों की सराहना की है। चुनाव तैयारियों की दो दिवसीय समीक्षा के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री कुमार ने मतदाता सूची की सटीकता में सुधार लाने में बूथ स्तरीय अधिकारियों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया।

–––बाइट–––

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के चरण के संबंध में उन्होंने विभिन्न दलों से बात की है। उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथियों के बारे में जल्द ही घोषणा की जायेगी।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि लोक प्रतिनिधि कानून के हिसाब से एसआईआर हर चुनाव से पहले कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद एसआईआर कराए

जाने का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची पर दावा आपत्ति अभी भी की जा सकती है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिस प्रकार बिहार मे सफलतापूर्वक एसआईआर संपन्न कराया गया है, वह देश में भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए नए उपायों पर भी प्रकाश डाला। श्री कुमार ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत बिहार विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर बाहर सौ से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि लोक प्रतिनिधित्व कानून उन्नीस सौ पचास, आधार कानून और सुप्रीम कोर्ट के कई दिशा निर्देशों के तहत आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं माना जा सकता है।

———बाइट———

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में ईवीएम पर प्रत्याशियों की रंगीन फोटो लगाई जायेगी, ताकि मतदाताओं को पहचानने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पोलिंग बूथों की वेबकास्टिंग भी की जायेगी। श्री कुमार ने कहा कि मतदताओं को अब मतदान केन्द्रों के बाहर तक मोबाईल फोन ले जाने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा पहली बार दी जा रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों को भी मतदान केन्द्रों के पास सौ मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बूथ स्पापित करने की अनुमति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। श्री कुमार ने बिहार के सभी मतदाताओं से चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।

———बाइट———

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में स्वंतत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के लिए आज बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्य चुनाव अधिकारी, केन्द्रीय पुलिस बलों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा शुल्क, बैंक, रेलवे और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अधिकारियों के साथ चुनाव को पारदर्शी तरीके से कराने के मुद्दे पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और डॉक्टर विवेक जोशी भी बैठक में शामिल थे। निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा, कानून–व्यवस्था के पहलू और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के अलावा राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों के नोडल अधिकारियों के साथ राज्य में समन्वय का भी आकलन किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया। यह स्टेडियम न केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजवानी करेगा बल्कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में नई दिशा भी देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत प्रदेश के सत्तासी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ उन्होंने बिहार राज्य खेल सम्मान योजना से सम्मानित आठ सौ बारह खिलाड़ियों के बीच सात करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की सम्मान राशि वितरित की। इस मौके पर राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

पटना मेट्रो रेल का कल विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। मूख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना मेट्रो को उद्घाटन करेंगे। प्रथम चरण में चार दशमलव तीन किलामीटर लंबे रेलमार्ग के तहत तीन स्टेशनों पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल और भूतनाथ पर मेट्रो का परिचालन शुरू हो जायेगा। शुरूआती दौर में मेट्रो की अधिकतम रफ्तार चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रहेगी। न्यू आइएसबीटी से जीरो माइल का किराया पन्द्रह रूपया और न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ स्टेशन का किराया तीस रूपया होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मेट्रो कॉरिडोर के पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत स्टेशनों और नौ दशमलव तीन पांच किलोमीटर लंबे टनल का भी शिलान्यास करेंगे।

---

भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर कवायद तेज हो गई है। पार्टी के बिहार चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में चुनाव समिति की हुई बैठक में उम्मीदवारों के चयन पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री प्रधान ने बैठक के बाद जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी से मुलाकात की।

---

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा है कि एनडीए पूरी तरह एक है और सीटों का बंटवारा जल्द ही हो जायेगा। श्री मांझी ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत होगी।

———बाइट———

---

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर जे.एम.एम और राजद के बीच कल पटना में एक अहम बैठक होने जा रही है। झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और जेएमएम पार्टी महासचिव विनोद पांडे कल पटना में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा करेंगे।

---

राज्य में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, सीतामढ़ी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, पटना, खगड़िया, दरभंगा, किशनगंज और भागलपुर जिले में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही में सबसे अधिक तीन सौ पचासी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गईं। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

———बाइट———

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार उत्तर बिहार और आसपास के इलाकों पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र कमजोर हो गया है। हालांकि इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक राज्य के अनेक भागों में हल्की बारिश हो सकती है।

---

01. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा–बिहार विधानसभा चुनाव की जल्द होगी घोषणा। बाईस नवम्बर से पहले संपन्न हो जायेगी चुनाव प्रक्रिया।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया की सराहना की। कहा–बिहार की तर्ज पर ही पूरे देश में होगा एसआईआर।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया। कल पटना मेट्रो रेल का करेंगे शुभारंभ ।

05. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित। सुपौल के सरायगढ़ में पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक लगभग चार सौ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

समाप्त